बेहराडीह में खुला प्रदेश का पहला किसान स्कूल

चर्चा में क्यों?

22 मई, 2022 को छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जांजगीर-चांपा ज़िले के बलौदा ब्लॉक के ग्राम बहेराडीह में प्रदेश के पहले किसान स्कूल का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. चरणदास महंत ने इस अवसर पर कहा कि यह स्कूल देश में अपनी तरह का पहला स्कूल है, जहाँ किसानों को खेती के संबंध में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- इस स्कूल में किसानों को कृषि क्षेत्र में 18 अलग-अलग विषयों में जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों तरह की जानकारी मिलेगी।
- इस स्कूल में किसानों को कृषि क्षेत्र में खरीफ फसल, रबी फसल के साथ-साथ पशुपालन, डेयरी, मुर्गीपालन, मछली पालन, लाख उत्पादन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, सब्जी खेती प्रबंधन, कोसा कीट पालन व अन्य विषयों की जानकारी दी जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-first-farmer-school-opened-at-behradih